Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 ◘ अंक- 349 ◘ रायपुर, रविवार 12 जनवरी 2025 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

मुठभेड़ में 3 नक्सलियों के मारे जाने की खबर, गोलीबारी जारी

जगदलपुर/बीजापुर, 12 जनवरी (हाईवे चैनल) छत्तीसगढ़ में एक बार फिर नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। बीजापुर के मद्देड़ थाना क्षेत्र के बंदेपारा और कोरेंजेड के जंगलों में सुबह से चल रही मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों द्वारा 3 माओवादियों को मार गिराए जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि डीटीजीसेस को बंदेपारा-कोरेंजेड के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। जिसके बाद सुरक्षाबल के जवानों को मौके के लिए रवाना किया गया। सर्चिंग के दौरान जैसे ही फोर्स रविवार सुबह जंगल

में पहुंची, वैसे ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी मोर्चा संभालकर नक्सलियों के गोलीबारी का जवाब दिया। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में 3 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि दोनों तरफ से रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है। माना जा रहा है कि मारे गए नक्सलियों की संख्या में और भी इजाफा हो सकता है। हालांकि अधिकारियों ने अभी तक नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि नहीं की है।

सड़क किनारे लगे फेंसिंग में जा घुसी बाइक, 3 युवकों की मौके पर मौत

बलौदाबाजार, 12 जनवरी (हाईवे चैनल)। जिले के सुहेला मार्ग पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत होने की सूचना है। घटना कुछ ही देर पहले ग्राम सेम्हराडीह के पास हुई, जो अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र कुकुरडीह जाने वाले मार्ग पर स्थित है। शुरूआती जानकारी के अनुसार, हादसे के वक्त तीनों बाइक सवार युवक नशे की हालत में थे और काफी तेज रफ्तार से बाइक चला रहे थे। तभी अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे फेंसिंग पोल से जा टकराई, जिससे तीनों की मौके पर मौत हो गई। बता दें कि मृतकों

की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। घटना की सूचना मिलते ही सुहेला पुलिस मौके पर रवाना हो गई है और जांच शुरू कर दी गई है।

गौरतलब है कि एक ही दिन में जिले में यह दूसरी बड़ी दुर्घटना है। इससे पहले एक अन्य हादसे में भी जिले में चार लोगों की जान चली गई। इस तरह एक दिन में कुल चार मौतों ने जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने लोगों से सड़क पर सतर्कता बरतने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

ब्रेकिंग न्यूज

गिरजाघर जाते समय सरकारी बस की टक्कर में दो महिलाओं की मौत

नई दिल्ली, 12 जनवरी (न्यूज चैनल)। केरल के त्रिशूर जिले में रविवार को सुबह की प्रार्थना के लिए गिजाघर जा रहीं दो बुजुर्ग महिलाओं को एक सरकारी बस ने टक्कर मार दी जिससे दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ओल्लूर में सड़क पार करने की कोशिश करते समय महिलाओं को केएसआरटीसी की बस ने टक्कर मार दी। ये महिलाएं चिय्याराम की निवासी थीं। पुलिस ने स्थानीय लोगों के हवाले से बताया कि एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरी को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।

नोएडा में सातवीं मंजिल से गिरकर एलएलबी के छात्र की मौत

नई दिल्ली, 12 जनवरी (न्यूज चैनल)। नोएडा थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में स्थित सुप्रीम टावर की 7वीं मंजिल से गिरकर एलएलबी के एक छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार युवक एमिटी यूनिवर्सिटी से एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। नोएडा के पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि मृतक तापस गाजियाबाद का निवासी था। उन्होंने कहा कि घटना के समय फ्लैट में युवक के साथ उसके दोस्त भी थे।

युवा महोत्सव को युवा के लिए युवाओं द्वारा युवा संकल्प के साथ पेश किया गया है : मोदी

नई दिल्ली, 12 जनवरी (न्यूज चैनल) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को भारत मंडपम पहुंचे। यहां उन्होंने 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' में प्रतिभागियों के साथ मुलाकात की। कार्यक्रम बिना किसी राजनीतिक संबंध वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने के उनके प्रयासों के तहत आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर होने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी युवाओं से 2047 के विकसित भारत के रोड मैप पर उनके विचारों को जानने की कोशिश कर रहे हैं। भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रधानमंत्री युवाओं के साथ महिला सशक्तिकरण, विकसित भारत, डिजिटल भारत, खेलों में श्रेष्ठता जैसे 10 विषयों पर प्रेजेंटेशन भी देखेंगे। कार्यक्रम में देश निर्माण के 10 विषयों पर 2047 में विकसित भारत के लिए उनके विजन को सम्मिलित किया गया है। इसे युवाओं की राजनीति की पाठशाला कहा जा सकता है। इसके माध्यम से सरकार का जोर युवा नेता बनाना है, जो देश के विकास के विजन को प्रमुखता देते हुए राजनीति में आगे बढ़े इस युवा महोत्सव को युवा के लिए युवाओं द्वारा युवा संकल्प के साथ पेश किया गया है। यह केवल एक आयोजन नहीं बल्कि अभियान है, युवाओं को सशक्त करने, उनकी नेतृत्व क्षमता व्यावहारिक विचार जो कि विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप है। युवाओं को महोत्सव में उनकी योग्यता के अनुरूप प्रमाणपत्र दिया जाएगा। इस बार राष्ट्रीय युवा महोत्सव सांस्कृतिक आदान-प्रदान और युवा ऊर्जा का प्रतीक रहा है, देश निर्माण और विकास के विजन में भी सम्मिलित हो रहा है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वे विकसित भारत के निर्माण के उद्देश्य से संबंधित विभिन्न विषयों

विकसित भारत युवा सम्मेलन में पहुचे प्रधानमंत्री मोदी, युवाओं से कर रहे संवाद

पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं से उनकी मुलाकात होगी, उनमें विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार, संस्कृति और अन्य चीजों के प्रति काफी जुनून है। बयान में कहा गया है कि आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय युवा महोत्सव को पारंपरिक तरीके से आयोजित करने की 25 साल पुरानी परंपरा को तोड़ना है। यह बिना किसी राजनीतिक संबद्धता वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल करने और उन्हें विकसित भारत के विचारों को वास्तविकता के धरातल पर उतारने के संबंध में हैं। इससे पहले, विकसित भारत युवा नेता संवाद के दूसरे दिन विभिन्न क्षेत्रों की दिग्गज हस्तियों ने भारत मंडपम में जुटे युवाओं को बताया कि टेक्नोलॉजी आज की महती जरूरत है। इसलिए उन्हें इसमें खुद को लगातार अपग्रेड करना होगा। विकसित भारत के रोड मैप पर चर्चा के दौरान युवाओं से भारत को स्टार्टअप राजधानी बनाने का आह्वान भी किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार एक मजबूत और विकसित भारत के उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''स्वामी विवेकानंद की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वह युवाओं के लिए एक शाश्वत प्रेरणा हैं और आज भी युवा मन में जुनून और उद्देश्य की भावना प्रज्वलित करते हैं। हम एक मजबूत और विकसित भारत के उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

महाकुंभ जा रहे छत्तीसगढ़ के कांग्रेस विधायक ऋषी में हुए सड़क हादसे का शिकार , हॉस्पिटल में किया गया भर्ती

रायपुर, 12 जनवरी (हाईवे चैनल)। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में छत्तीसगढ़ के भाटापारा से कांग्रेस विधायक इंद्र साव की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना जबरजस्त था कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद अफरातफरी का माहौल हो गया। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस विधायक अपने परिवार के साथ महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रयागराज जा रहे थे। इसी दौरान उत्तर प्रदेश के सोनभद्र के पास उनकी कार ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

बताया जा रहा है कि हादसे में कांग्रेस विधायक के परिवार घायल हो गए हैं। वहीं राहत की बात ये है कि कांग्रेस विधायक इंद्र साव बाल बाल बच गए हैं। जानकारी के मुताबिक ये दुर्घटना सोनभद्र के बहमनी थाना क्षेत्र में हुई है. फिलहाल सभी को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोयला खदान में बचाव अभियान सातवें दिन भी जारी, मृतकों की संख्या 4 हुई

नई दिल्ली, 12 जनवरी (न्यूज चैनल)। असम के दीमा हसाओ जिले में कोयला खदान में फंसे मजदूरों का पता लगाने के लिए बचाव अभियान रविवार को सातवें दिन भी जारी रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य के खान एवं खनिज मंत्री कौशिक राय ने बताया कि खदान से पानी निकालने का काम जारी है और उम्मीद है कि यह प्रक्रिया जल्द ही अंतिम चरण में पहुंच जाएगी। गुवाहाटी से लगभग 250 किलोमीटर दूर उमरंगसो क्षेत्र में स्थित कोयला खदान में छह जनवरी को अचानक पानी भर जाने से कुल नौ मजदूर फंस गए थे। इनमें से अब तक चार मजदूरों के शव बरामद किए जा चुके हैं। पहला शव बुधवार को बरामद किया गया जबकि तीन अन्य शव शनिवार को निकाले गए। एनडीआरएफ टीम के कमांडर रोशन कुमार सिंह ने कहा कि जलमग्न खदान से पानी निकालने की प्रक्रिया जारी है और जलस्तर घट रहा है। उन्होंने बताया, आज बचाव अभियान का सातवां दिन है और अब तक चार शव बरामद किए जा चुके हैं। पानी निकालने का काम जारी है और जलस्तर घट रहा है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), सेना और नौसेना कर्मियों समेत कई एजेंसियां अभियान में जुटी हैं तथाड़ोन तैनात किए गए हैं। राय ने शनिवार को घटनास्थल पर जारी अभियान निरीक्षण किया और कहा कि अगले 36 घंटे में जल निकासी का अंतिम चरण पूरा हो जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, पानी निकालने का काम जारी है। अगले 36 घंटे में हम अभियान के अंतिम चरण में पहुंचने की उम्मीद करते हैं। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा था कि यह खदान 12 साल पहले बंद कर दी गई थी और तीन साल पहले तक यह असम खनिज विकास निगम के अधीन थी। खनिकों के मुखिया को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीमेंट के दाम बढ़े, आम जनता को झटका

रायपुर, 12 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में मकान बनवाने की सोच रहे लोगों को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। प्रदेश में एक बार फिर सीमेंट बनाने कंपनियों ने दाम बढ़ा दिए हैं। अल्ट्राटेक समेत कई कंपनियों ने 11 दिनों में सीमेंट के दाम 50 रुपए बढ़ा दिए हैं। ऐसे में अब ग्राहकों को एक बोरी सीमेंट 340 से 350 रुपए तक देने पड़ रहे हैं। जनवरी से पहले यह कीमत 280 से 290 रुपए प्रति बोरी थी। इधर, कीमत बढ़ने से कंस्ट्रक्शन का काम प्रभावित हो सकता है।

बता दें कि बरसात खत्म होने के बाद अधिकतर कंट्रक्शन के काम शुरू किए जाते हैं। ग्रामीण इलाके के रहवासी भी बड़ी संख्या में घरों का निर्माण करते हैं। शायद यही वजह हो सकती है कि सीमेंट बनाने वाली कंपनियां इसके दाम में बढ़ोतरी कर रही है।

चूंकि सीमेंट की कीमतों पर कंट्रोल करने के लिए सरकार के पास कोई नियंत्रण ही नहीं होता है। फैक्ट्री वाले कोई न कोई बहाना कर कीमत बढ़ा देते हैं। मिली जानकारी के अनुसार अल्ट्राटेक समेत कई कंपनियों ने 11 दिनों में सीमेंट के दाम 50 रुपए बढ़ा दिए हैं। ऐसे में अब ग्राहकों को एक बोरी सीमेंट 340 से 350 रुपए तक देने पड़ रहे हैं। सीमेंट सप्लायरों का कहना है कि अब बड़ा स्टॉक रखने में भी परेशानी हो रही है।

पर्दे के पीछे से लगभग तीन दशक तक राजनीति करती रही हैं प्रियंका, बतौर सांसद आज मना रहीं अपना पहला जन्मदिन

नई दिल्ली, 12 जनवरी (न्यूज चैनल)। लगभग तीन दशक से कांग्रेस के लिए पर्दे के पीछे से राजनीति कर रहीं प्रियंका गांधी वाड्रा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की बेटी हैं। जो लगभग हर चुनावों में कांग्रेस की स्?टार प्रचारक के रूप में दिखाई देती हैं। कई बार प्रियंका के नाम का सुझाव कांग्रेस के अ?यक्ष पद के लिये भी दिया गया, लेकिन वे खुद कभी पार्टी की बागडोर हाथ में लेने के लिये आगे नहीं आयीं। पिछले लोकसभा चुनाव में राहुल गाँधी के इस्तीफा देने के बाद खाली हुई वायनाड सीट से चुनाव जीतकर वे पहली बार सक्रिय राजनीति में उतरी हैं। उन्होंने मनोविज्ञान में स्नातक की पढ़ाई की और फिर आगे चलकर पोस?टग्रेजुएशन किया है।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी का जन्म 12 जनवरी 1972 को दिल्ली में राजीव गांधी और सोनिया गांधी के घर हुआ था, जो उनके दो बच्चों में से छोटी थीं। उनके बड़े भाई राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के रायबरेली से 2024 के लोकसभा चुनाव में जीतकर सांसद बने हैं और लोकसभा में विपक्ष के 12वें नेता हैं । वह भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और स्वतंत्रता सेनानी और राजनीतिज्ञ फिरोज गांधी की पोती और भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की परपोती हैं । वायनाड सांसद प्रियंका ने 1984 तक देहरादून के वेल्हम गर्ल्स स्कूल में अपनी स्कूली शिक्षा प्राप्त की । इसके बाद सुरक्षा कारणों से राहुल और उन्हें दोनों को दिल्ली के डे स्कूल में भेज दिया गया। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद लगातार आतंकी धमकियों के कारण उन्हें और उनके भाई राहुल को घर पर ही पढ़ाया गया। बाद में वह दिल्ली के कॉन्वेंट ऑफ जीसस एंड मैरी में शामिल हो गईं। इसके बाद उन्होंने जीसस एंड मैरी कॉलेज, नई दिल्ली से मनोविज्ञान में स्नातक की डिग्री पूरी की और 2010 में बौद्ध अध्ययन में मास्टर डिग्री हासिल की। 1997 में गांधी ने दिल्ली के एक व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा से शादी की और प्रियंका गांधी वाड्रा नाम का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। दंपति के दो बच्चे हैं।

महाकुम्भ स्नान पर्व से पहले 25 लाख लोगों ने लगाई गंगा में डुबकी

नई दिल्ली, 12 जनवरी (न्यूज चैनल)। महाकुम्भ के स्नान पर्व से दो दिन पहले ही शनिवार को करीब 25 लाख लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सुबह घने कोहरे के बावजूद सुबह से ही श्रद्धालुओं का हुजूम मेला क्षेत्र की तरफ जाता दिखा। महाकुम्भ का स्नान 13 जनवरी से शुरू हो रहा है और अगला स्नान पर्व 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर है। सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, करीब 25 लाख लोगों ने शनिवार को गंगा और संगम में डुबकी लगाई। पूरे मेला क्षेत्र में एआई सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने से स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सही संख्या का पता लगाना आसान है। पिछले कुम्भ (2019) में पूरी मेला अवधि में 25 करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया था और सरकार को महाकुम्भ में यह आंकड़ा 45 करोड़ को पार कर जाने की संभावना है।